**विधान सभा सचिवालय**

**मध्यप्रदेश**

**समाचार**

# विधान सभा अध्यक्ष ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर दी प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं एवं बधाई

सुख का दाता, सबका साथी, शुभ का यह संदेश है,
माँ की गोद, पिता का आश्रय मेरा मध्यप्रदेश है।

विधान सभा अध्यक्ष माननीय श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने मध्यप्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि संस्कृतियों का संगम, विविधता में एकता का प्रतीक और विकसित भारत के निर्माण में आज हमारा मध्य प्रदेश निरंतर अग्रसर है।

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में और माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यदव जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आज विकास, नवाचार और सुशासन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। राज्य ने कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, पर्यटन और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

श्री तोमर ने अपने संदेश में कहा कि कि हमारा प्रदेश विकास के पथ पर नए कीर्तिमान स्थापित करे और जन जन का कल्याण हो ।

विस/जसं/25

नरेंद्र मिश्रा
अवर सचिव